<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–23 सितम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- कल से लागू हुयी नई जीएसटी दरों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में पदयात्रा कर जानी कारोबारियों और ग्राहकों की राय। कहा– अर्थव्यवस्था को नई गति देगा जीएसटी सुधार।
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पचीस लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करेगी सरकार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–महिला सशक्तिकरण के संकल्प को और मजबूत करेगा यह प्रयास।
- इकसठ वर्षों बाद भारत स्काउट एंड गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की मेजबानी करेगा उत्तर प्रदेश। तेइस से उन्तीस नवम्बर तक चलेगा। आयोजन।
- शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की हो रही पूजा–अर्चना। प्रदेश भर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुबह से लगी है कतार।

**********

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार कल से लागू हो गये। आम लोगों को इसके लाभ बताने और इसे लेकर लोगों के बीच फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जन जागरण पदयात्रा की और व्यापारियों और आम जन से जनसम्पर्क किया। मुख्यमंत्री ने जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के पहले चरण की शुरुआत करते हुए कारोबारी प्रतिष्ठानों में जाकर व्यापारियों और ग्राहकों से बात कर जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कारोबारियों से आग्रह किया कि घटी हुयी जीएसटी का लाभ ग्राहकों को अवश्य दें। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे।

***देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दीपावली का उपहार दिया है। जीएसटी में अब के सबसे बड़े रिफॉर्म करके, जिसमें सामान्य उपभोक्ता वस्तुओं की जीएसटी की दर को घटा करके 18 और 12 प्रतिशत से कम करके 5 या जीरो पर ला दिया है। यह रिफार्म भारतीय अर्थव्यवस्था को एक नई गति देगा। आग उपभोक्ता पर्व और त्योहार उल्लास और उमंग के साथ मनायेगा।***

उधर, राज्य कर विभाग ने करीब ढाई सौ अधिकारियों को लोगों के बीच पहुंच कर जीएसटी के बारे में विस्तृत जानकारी देने की जिम्मेदारी सौपीं है। उधर, किस उत्पाद का दाम कितना घटा है, इसकी सही जानकारी के लिये 'सेविंग्स विद जीएसटी' पोर्टल शुरू किया गया है। उपभोक्ता इस पोर्टल पर जाकर नई दरों से पहले और बाद में उत्पादों की कीमतों की तुलना कर सकते हैं।

जीएसटी कम होने से प्रदेश के व्यापारियों और जनता में उत्साह का माहौल है। गौतमबुद्ध नगर के व्यापारी कुलदीप शर्मा ने जीएसटी की नई दरें लागू होने को सराहनीय कदम बताया है।

***जो नई दरे चालू हो रही है जीएसटी को लेकर जो गर्वमेंट ने एलाव की। इसका बहुत ही सराहनीय कदम उठाया है। हम सभी व्यापारी इसका स्वागत करते है जो 28 थी उसको 18 से लेकर आये है और जो 5 थी उसको जीरो पर करा रहै तो यह बहुत बड़ा सराहनयी कदम है हम व्यापारियों के लिये इससे हमारा व्यापार भी बढ़ेगा और उपभोक्ता को भी इसका विशेष लाभ मिलेगा।***

जौनपुर के राजेश पांडे ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव के जरिए आम जनता को काफी राहत मिलेगी।

***जीएसटी के नये दर लागू हो रहे है जोकि आम जीवन में काफी क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं प्रधानमंत्री ने भी इसको बचत उत्सव का नाम दिया है। लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुएं जिनकी कीमतें कम हुई उनकी खरीददारी में लोगों को आसानी होगी।***

**********

सरकार ने कल नवरात्रि के पहले दिन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 25 लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का फैसला किया है। महिला लाभार्थियों का अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण के संकल्प को और मजबूत करेगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि सरकार प्रत्येक नए कनेक्शन पर दो हजार से अधिक रुपये खर्च करेगी।

***हमारी बहनों को 25 लाख अधिक उज्ज्वला कनेक्शन मिलेंगे। ये योजना 2016 में जिसकी शुरुआत हुई थी उसमें अब 10 करोड़ 30 लाख ऑलरेडी थे, सभी मिलकर मुझे लगता है ये 10 करोड़ 60 लाख पर चले जाएंगे। अलग–अलग वर्गों से डिमांड थी कि उज्ज्वला कनेक्शन बढ़ने चाहिए। तो मुझे बहुत ही खुशी है कि आज इस शुभ अवसर पर ये एडिशनल बेनिफिट हमारी बहनों को मिलेगा।***

**********

प्रदेश को इकसठ वर्षों बाद भारत स्काउट एंड गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की मेजबानी का अवसर मिला है। तेइस से उन्तीस नवम्बर तक होने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन चौबीस नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों प्रस्तावित है। इसके लिए लखनऊ में विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ गेटेड टेंट सिटी बसाई जायेगी। यह शिविर युवाओं को वैश्विक भाईचारे का अनूठा संदेश देगा। इस टेंटसिटी में पैंतीस हज़ार लोगों के ठहरने की सुविधा होगी।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पचीस सितंबर को प्रस्तावित मथुरा वृंदावन दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियों तेज़ कर दी हैं। राष्ट्रपति अपने इस एक दिवसीय दौरे में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन करेंगी। आगरा के मंडलायुक्त शैलेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रपति का आगमन ट्रेन से होगा। ऐसे में सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर विशेष इंतज़ाम किए जा रहे हैं।

**********

कल से लागू हुए नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक रिपोर्ट–

***जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने कई सेक्टरों में टैक्स में भारी कटौती की है। इसी कड़ी में सरकार ने सीमेंट पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है, जिससे घर बनाने में लगने वाली लागत में कमी आएगी। वहीं, ईंटों के काम पर भी जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे ईंट भट्टे चलाने वाले छोटे व्यवसायों को फायदा होगा। इन सुधारों में मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए, टू–व्हीलर और छोटी कारों पर भी जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। नए कर ढांचे के अंतर्गत 350बब से कम इंजन वाले टू–व्हीलर पर टैक्स 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह, नई टैक्स व्यवस्था में छोटी कारों पर अब 18 प्रतिशत टैक्स लगेगा। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति के अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला– 'सेवा पर्व' में, हम आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार स्मार्ट सिटी मिशन के माध्यम से शहरी क्षेत्रों को नया रूप दे रही है और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार ला रही है।

***स्मार्ट सिटी मिशन भारत के शहरी परिदृश्य को नया रूप दे रहा है और आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जून 2015 में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य स्मार्ट और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से भारत के शहरों में जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाना है।***

***इस मिशन ने पिछले एक दशक में उल्लेखनीय प्रगति की है। आठ हजार से ज़्यादा परियोजनाओं में से लगभग 94 प्रतिशत अब पूरी हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएँ कार्यान्वियन के उन्नत चरणों में हैं, जिससे मिशन के अंतर्गत कुल निवेश लगभग एक दशमलव 64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस पहल में मौजूदा क्षेत्रों का नवीनीकरण, विशिष्ट क्षेत्रों का पुनर्विकास और शहर–व्यापी स्मार्ट समाधान शामिल हैं। इसके अलावा स्कूलों को डिजिटल कक्षाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, विरासत स्थलों का पुनरुद्धार हो रहा है, सार्वजनिक स्थलों को पुनः स्थापित किया जा रहा है और सड़कें अधिक बेहतर तथा सुरक्षित बन रही हैं। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।***

**********

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। प्रदेश भर के देवी मंदिरों में भोर से ही भक्तों की कतार लगी हुयी है। विन्ध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर, बलरामपुर स्थित देवीपाटन सहित सभी शक्तिपीठ और प्राचीन मंदिरों में देश–प्रदेश से श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिये पहुंच रहे हैं।

**********